# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालय:–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**
Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com

प्रेषक:–जन विकास शक्ति संगठन(JVSS),वैशाली,बिहार दिनांक:– 13/12/2023

प्रेषित:–1. जिलाधिकारी महोदय वैशाली(हाजीपुर)

2. उप विकास आयुक्त महोदय वैशाली(हाजीपुर)

**विषय- मनरेगा में फर्जी काम कराकर लाखों रूपयों का भ्रष्ट्राचार,काम नही मिलना,लंबित भुगतान व जॉब कार्ड, मनरेगा कर्मियों की तानाशाही रवैया,फर्जी काम की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने समेत कई मांगो को लेकर पातेपुर प्रखंड के मनरेगा कार्यालय के समक्ष 04 दिसंबर 2023 से लगातार धरना पर बैठने बावजूद कोई सुनवाई नहीं होने व आपको सूचित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के आलोक में सूचित कर रहे है कि पिछले वर्षो से पातेपुर,जंदाहा व,महुआ के दर्जनों पंचायतों के 1000(लगभग) मजदूरों का जॉब कार्ड हेतु लिखित आवेदन किया गया। जिसमें कुछ ही मजदूरों को जॉब कार्ड निर्गत हुई है। और बाकी अभी तक लंबित है। साथ ही पातेपुर प्रखंड के 1.बलिगांव, 2.खोआजपुर बस्ती ,3.डढूआ,4.सिमरवाड़ा, 5.निलोरुकुन्दपुर,6.नीरपुर,7.चकजादो,8. लदहो,9.गोविंदपुर बेला जंदाहा के 10.नारीखुर्द व महुआ के 11.समसपुरा पंचायत के सैकड़ों मजदूरों का नरेगा में काम हेतु मांग किया गया था। लेकिन अभी तक काम भी नही दिया गया। ठेकेदारों के मिलीभगत से फर्जी मजदूरों के नाम से मस्टर रोल जारी कर सभी दिन NMMS ऐप पर गलत फोटो अपलोड कर उपस्थिति बनाई जा रही है।हमारे एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा फर्जी मजदूरों के कार्यस्थलों की जांच की गई तो जानकारी हुई कि केवल कागजों और वेबसाइट पर काम दिखाकर लाखों रुपयों का गवन किया जा चुका है। जिसका साक्ष्य वीडियो व फोटो मौजूद है। इन सभी को लेकर कार्यक्रम पदाधिकारी,पातेपुर व जंदाहा को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत किया जा चुका है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद मनरेगा ठेकेदारों द्वारा हमारे कुछ कार्यकर्ताओं को धमकियां भी दिया था।

पातेपुर से संबंधित सभी समस्याओं को लेकर मजबूरन पातेपुर प्रखंड के मनरेगा कार्यालय के समक्ष दिनांक-04 दिसंबर 2023 से शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना पर लगातार चार दिनों से बैठे हुए है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।धरना के शुरुआती दिनों से ही दिनों से ही सभी मनरेगा कर्मी(कार्यक्रम पदाधिकारी,इंजीनियर,पीटीए, व पीआरएस,अकाउंटेंट,डाटा ऑपरेटर) गायब रहे है।

प्रतिलिपि:– भवदीय

1.अनुमंडल पदाधिकारी महोदय महुआ (वैशाली) रंजन कुमार (सचिव)

हमारी समस्याएं और मांगे विशेष रूप से नीचे के पेज में संलग्न है:– मो.:–8581954291

कुल पेजों की संख्या:–08

पेज:–

# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालयः–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**

Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com

**(01.) वैशाली जिला अंतर्गत पातेपुर व जंदाहा प्रखंड के कई पंचायतों के मजदूरों द्वारा वर्षो पहले से आवेदन किए हुए सभी मजदूरों को जॉब कार्ड अविलंब वितरण कराई जाए।**

कुछ पंचायतों में अधूरा जॉब कार्ड ही वितरण हुई है लेकिन बाकी पंचायतों के मजदूरों का जॉब कार्ड अभी भी लंबित है। जिसकी शिकायत कई बार लिखित व मौखिक रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी पातेपुर व जंदाहा को किया गया।जिसे वह टालमटोल करते रहे और जॉब कार्ड वितरण करवाने में असफल साबित हुए।

| प्रखंडः–पातेपुर (वैशाली) | | | |
|---|---|---|---|
| **पंचायत का नाम** | **जॉब कार्ड हेतु आवेदनों की संख्या** | **पावती(रिसीविंग) की दिनांक** | **जॉब कार्ड वितरण की संख्या** |
| 1. अग्रैलखुर्द | 48<br>25 | 07/02/2022<br>11/09/2023 | 0<br>0 |
| 2. गोविंदपुर बेला | 18<br>25 | 15/06/2022<br>13/09/2023 | 0<br>0 |
| 3. सिमरवाड़ा | 45<br>05 | 13/04/2022<br>03/10/2023 | 0<br>0 |
| 4. खोआजपुर बस्ती | 09<br>46 | 29/08/2022<br>03/10/2023 | 0<br>0 |
| 5. अजीजपुर चांदे | 11<br>16 | 07/10/2023<br>30/10/2023 | 11<br>0 |
| 6. मालपुर | 109 | 07/10/2023 | 0 |
| 7. लदहो | 17 | 11/09/2023 | 0 |
| 8. टेकनारी | 05 | 03/10/2023 | 0 |
| 9. निलोरुकुंदपुर | 104 | 23/06/2023 | 0 |
| 10. चकजादो | 43 | 03/10/2023 | 18 |
| 11. मरूई | 72 | 11/10/2023 | 59 |
| 12. डभैच्छ | 43 | 16/10/2023 | 30 |
| 13. नीरपुर | 25 | 29/06/2022 | 20 |

**प्रखंडः– जंदाहा(वैशाली)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. पीड़ापुर | 41 | 21/01/2023 | 0 |

# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालयः–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**
Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com

## (2.) मजदूरों के मांग के अनुसार शीघ्र ही सभी पंचायतों का मस्टररोल जारी कर काम दिया जाए।

वैशाली के पातेपुर,जंदाहा व महुआ के विभिन्न पंचायतों के मजदूरों द्वारा विगत कई वर्षो से लिखित आवेदन देकर मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत काम की मांग कर रहे है।लेकिन कमीशनखोरी के वजह से असल मजदूरों को काम नही देकर बिना काम मांगे हुए फर्जी मजदूरों के नाम से मस्टररोल जारी कर NMMS ऐप पर गलत फोटो अपलोड कर फर्जी तरीके से सभी फर्जी मजदूरों का उपस्थिति बनाया जा रहा है। और लाखों रूपयों का गवन किया जा चुका है।

मजदूरों के द्वारा पंचायतवार काम का आवेदन जमा करने के बाद पावती(रिसीविंग) के अनुसार पंचायत,काम मांगने वाले मजदूरों की संख्या, व रिसीविंग की तारीखें नीचे अंकित है:–इसके अलावा रिसीविंग की छायाप्रति भी संलग्न है।

| प्रखंडः–पातेपुर(वैशाली) | | | |
|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **पंचायत का नाम** | **काम मांगने वाले मजदूरों की संख्या** | **रिसीविंग की तारीख** |
| 01. | निलोरुकुंदपुर | 29<br><br>44 | 28/04/2023<br><br>24/11/2023 |
| 02. | गोविंदपुर बेला | 30 | 03/10/2023 |
| 03. | मंडईडीह | 43 | 17/10/2023 |
| 04. | लदहो | 78 (मात्र 46 मजदूरों को केवल 10 दिनों का ही 5 K.M दूर काम दिया गया था।) | 03/10/2023 |
| 05. | बलिगांव | 34(मात्र 22 मजदूरों को 8 दिनों का ही काम मिला है) | 03/10/2023 |
| 06. | सैदपुर डुमरा | 65 | 03/10/2023 |
| 07. | नीरपुर | 20 | 03/10/2023 |
| 08. | डढ़ुआ | 20 | 03/10/2023 |
| 09. | चकजादो | 23 | 24/11/2023 |
| 10. | सिमरवाड़ा | 38 | 03/10/2023 |
| **प्रखंडः–जंदाहा(वैशाली)** | | | |
| 11. | नारीखुर्द | 29 | 09/10/2023 |
| **प्रखंडः–महुआ(वैशाली)** | | | |
| 12 | समसपुरा | | |

# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालय:–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**
**Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com**

**(03.) पातेपुर के मंडईडीह,लदहो,खोआजपुर बस्ती,मरूई,बकाढ़,सैदपुर डुमरा, बलिगांव, नीरपुर, चकजादो समेत कई पंचायतों के फर्जी कामों की जांच हेतु 08 नवंबर 2023 को मनरेगा कार्यालय,पातेपुर में लिखित शिकायत किया था।जिसका जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें व एक प्रति संगठन को भी दिया जाए।**

**(04.) पातेपुर,जंदाहा व महुआ के सभी पंचायतों में असल मजदूरों को काम नही देकर फर्जी मजदूरों से काम कराना व भ्रष्ट्राचार पर अविलंब जांच कर रोक लगाई जाए। तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त PRS,PTA, इंजीनियर व कार्यक्रम पदाधिकारी पर सख्त कानूनी कारवाई किया जाए।**

**(05.) A .वित्तीय वर्ष 2020-21 में योजना संख्या- 0516014029/WC/20291321 जो पातेपुर के राघोपुर नरसंडा पंचायत के वार्ड 06 में रामा मिश्र के खेत से शिवचंद्र राय के खेत तक नहर उड़ाही का कार्य 110 मजदूरों ने किया था। तत्कालीन PRS ललन कुमार के लापरवाही के कारण 50 मजदूरों को केवल 7 दिनों का ही मस्टर रोल जारी कर भुगतान किया गया। उसी योजना पर 10 फर्जी मजदूरों के नाम से मस्टररोल निकाल कर लाखों रुपए का निकासी किया है। वैसे फर्जी मजदूरों से पैसे वापस कराते हुए PRS ललन कुमार को निलंबित किया जाए।**

**B. वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना संख्या-0516014004/IF/20192317(ग्राम पंचायत डढ़ुआ के ग्राम कस्तूरी सराय में नवीन कुमार के निजी जमीन में पोखर निर्माण कार्य में कुल 25 मजदूर लगातार 15 दिनों तक काम किए थे । मस्टररोल भी 15 दिनों का था लेकिन उन मजदूरों को मात्र 10 दिनों का भुगतान किया गया। उसी मस्टर रोल में राजेश कुमार(जॉब कार्ड 3051) जो फर्जी मजदूर थे।काम भी नही किया उनको 15 दिनों का भुगतान किया गया है। 5 दिनों की लंबित भुगतान अविलंब करें (स्रोत-MIS रिपोर्ट)**

**(06.) हमारे कार्यकर्ताओं को ठेकेदारों व बिचौलियों के माध्यम से धमकी दिलवाना शीघ्र ही बंद करवाई जाए।**

**(07.) पातेपुर,महुआ व जंदाहा के सभी संगठित पंचायतों में एक -एक मेट का चयन हमारे मजदूरों साथी के बीच के लोगों किया जाए।**

**(08.)काम प्रारंभ होने से पहले मस्टररोल की एक प्रति मजदूरों के हाथों में दिया जाए।**

# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालय:–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**
Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com

हमारे पांच सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने पातेपुर प्रखंड अंतर्गत मंडईडीह,सैदपुर डुमरा, बलिगांव,मरूई, लदो, बकाढ़,खोआजपुर बस्ती, चकजादो आदि पंचायतों के दर्जनों नरेगा कार्यस्थल की जांच किया था। जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि जो मजदूरों के नाम से मस्टररोल जारी हो चुकी है। वे कभी कार्यस्थल तक पहुंच ही नहीं पाया। केवल NMMS ऐप पर फर्जी मजदूरों का एक ही फोटो कई योजनाएं पर अपलोड कर उपस्थिति बनाया गया है। कार्यस्थल पर मिट्टीकरण के नाम पर केवल जंगल ही पाया गया और एक ही शमशान में दो योजनाएं एक साथ चल रही थी।

जिसकी जांच रिपोर्ट तैयार कर मनरेगा कार्यालय पातेपुर में जमा किया गया था।

पातेपुर के कई पंचायतों के विभिन्न योजनाएं जिस पर फैक्ट फाइंडिंग किया गया। जो पंचायतवार योजना का नाम और योजना संख्या नीचे के पेज में अंकित है:–

## पंचायत-मरूई,प्रखंड-पातेपुर(वैशाली)

1. योजना संख्या-0516014/LD/20341201, योजना का नाम- ग्राम पंचायत मरूई के ग्राम बंचर में कमलू राम के घर के निकट कब्रिस्तान में मिट्टी भराई।

इस योजना की प्राक्कलित राशि 666557 रुपए है।जिसमे 592116 रुपयों की निकासी हो चुकी है।

कार्यस्थल जांच में पता चला कि इस योजना पर मात्र 5 ट्रैक्टर ही मिट्टी की भराई हुई है।जिसका फोटो और वीडियो भी मौजूद है।

2.योजना संख्या:–051 6014/LD/20356034, योजना का नाम– ग्रामपंचायत मरूई के वार्ड 01 में कमिटी हॉल के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य।

यह योजना की प्राक्कलित राशि 395138 रुपए है। युक्त कार्यस्थल पर मात्र 08 ट्रैक्टर मिट्टी पाई गई और 289332 रुपए की निकासी हो चुकी है।

## पंचायत-मंडईडीह

1. योजना संख्या-0516014/LD/20350704, योजना का नाम-ग्रामपंचायत मंडईडीह वार्ड 01 में ब्रहमस्थान के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य

   इस योजना की प्राक्कलित राशि 307284 रुपए है । उक्त कार्यस्थल पर मात्र 13 ट्रैक्टर मिट्टी पाया गया।और 276720 रुपए की निकासी हो चुका है।

2. योजना संख्या-0516014010/WC/20582951,योजना का नाम-ग्रामपंचायत मंडई डीह के वार्ड 04 में रामजानकी पोखर उड़ाही कार्य।

   यह योजना की प्राक्कलित राशि 109766 रुपए है । उक्त पोखर पानी से भरा से हुआ है।और 86184 रुपए की निकासी हो चुकी है।

3. योजना संख्या-0516014/LD/20362301, योजना का नाम-मंडईडीह के वार्ड 12 में योगी स्थान के सरकारी जमीन में मिट्टी भराई कार्य।

   इस योजना की प्राक्कलित राशि 121479 रुपए है।इस कार्यस्थल पर मात्र 15 ट्रैक्टर मिट्टी भराई हुई है।और 86446 रुपए की निकासी हो चुका है।

## पंचायत-बकाढ़

1. योजना संख्या-0516014030/LD/20363081, योजना का नाम -ग्रामपंचायत बकाढ़ के वार्ड 08 ने बाजितपुर कैंजू कब्रिस्तान के पूर्वी भाग में मिट्टी भराई कार्य।

   यह योजना की प्राक्कलित राशि 406378 रुपए है। उक्त कार्यस्थल पर जांच में पाया की मात्र 06 ट्रैक्टर मिट्टी भराई कर 339558 रुपए की निकासी हो चुकी है।

2. योजना संख्या-0516014030/LD/20390859,योजना का नाम-ग्रामपंचायत बकाढ़ के भगवानपुर कैंजु वार्ड 04 में शमशान घाट के दक्षिणी भाग में मिट्टी भराई कार्य।

   इस योजना की प्राक्कलित राशि 223008 रुपए है।उक्त कार्यस्थल पर कोई काम नही हुई है ।और 154128 रुपए की निकासी हो चुकी है।

## पंचायत-सैदपुर डुमरा

1. योजना संख्या-0516014009/LD/20354577, योजना का नाम- सैदपुर डुमरा के वार्ड 13 में शमशान में मिट्टी भराई कार्य
2. योजना संख्या-0516014009/LD/20335019, योजना का नाम-पंचायत सैदपुर डुमरा के रेपुरा वार्ड 13 में कब्रिस्तान में मिट्टी भराई कार्य।
3. योजना संख्या-0516014009/LD/23370698, योजना का नाम पंचायत सैदपुर डुमरा के वार्ड 13 में देवस्थान के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य।

4. योजना संख्या-0516014009/LD/20370700, योजना का नाम-सैदपुर डुमरा के रेपुरा पोखर के निकर शमशान में मिट्टी भराई कार्य।
5. योजना संख्या-0516014009/LD/20370697, योजना का नाम-सैदपुर डुमरा के वार्ड 07 में बैद्यनाथ राय के दालान के निकट शमशान में मिट्टी भराई कार्य।
6. योजना संख्या-0516015009/LD/20370695, योजना का नाम-सैदपुर डुमरा के वार्ड 07 में उपेंद्र राय के खेत के निकट शमशान में मिट्टी भराई कार्य।

## पंचायत-लदहो

1. योजना संख्या-0516014/LD/20397119, योजना का नाम-ग्राम पंचायत लदहो के दसकुड़वा वार्ड 03 में सुरेंद्र प्रसाद सिंह के खेत के निकट सरकारी जमीन में मिट्टी भराई कार्य।
2. योजना संख्या-0516014/FP/20314183, योजना का नाम-लदहो वार्ड 01 में मिथिलेश सिंह के बगीचा के निकट से सोनेलाल चौधरी के घर के निकट तक बांध मरम्मती कार्य।
3. योजना संख्या-0516014/LD/20397115, योजना का नाम-ग्रामपंचायत लदहो के रूपनपट्टी के वार्ड 05 में काली स्थान के निकट सरकारी जमीन में मिट्टी भराई कार्य।

## पंचायत-खोआजपुर बस्ती

1. योजना संख्या-0516014026/LD/FP/20308047, योजना का नाम-खोआजपुर बस्ती के रंजित सहनी के घर से राम उद्देश्य राय के खेत तक बांध में मिट्टी भराई कार्य।
2. योजना संख्या-0526014026/FP/20314057 योजना का नाम खोआजपुर बस्ती के वरुण राय के घर से पूरब की ओर जाने वाली नून नदी बांध मरम्मती कार्य।

## पंचायत- बलिगांव

1. योजना संख्या-0516014021/LD/20398613, योजना का नाम- ग्रामपंचायत बलिगांव के वार्ड 02 में प्रतापलाल के खेत के निकट(योगी स्थान) गड्ढा में मिट्टी भराई कार्य।

उक्त सभी योजनाओं पर कोई काम नही कराया गया है। मनरेगा कर्मी और ठेकेदारों के मिलीभगत व कमीशनखोरी को बढ़ावा देते हुए फर्जी मजदूरों के नाम से मस्टररोल जारी कर NMMS ऐप पर गलत(फर्जी) फोटो अपलोड कर उपस्थिति बनाई जा रही है।

इन सभी योजनाओं पर जारी मस्टररोल में नामित एक भी मजदूर कार्यस्थल काम नही किया है।केवल कागज पर ही काम दिखाकर लाखों रूपयों का गवन किया जा चुका है। जो जांच का विषय है।

# जन विकास शक्ति संगठन(JVSS)

**जिला इकाई कार्यालय:–ग्राम-राघोपुर नरसंडा,थाना+प्रखंड-पातेपुर,जिला-वैशाली(बिहार)843110**
**Mo.–754406844,8581954291,6201372070 Email–janvikasshaktisangathan@gmail.com**

**ऐसे ऐसे सैकड़ों योजनाओं पर फर्जी मजदूरों के नाम से मस्टररोल जारी कर NMMS ऐप पर गलत तरीके से उपस्थिति बनाई जा रही है।जो एकदम फर्जी है।कई बार लिखित में काम मांगने के बावजूद कोई भी योजनाओं पर असल मजदूरों को काम नही दिया जा रहा है।**

**अतः श्रीमान से अनुरोध है कि उक्त सभी योजनाओं पर अविलंब जांच कर संलिप्त सभी भ्रष्ट अधिकारियों व मनरेगा कर्मियों पर कानूनी कारवाई किया जाए तथा सभी मांगे को शीघ्र ही पूरा करवाई जाए।**

**उक्त सभी मांगों व समस्याओं को लेकर 04 दिसंबर 2023 से सैकड़ों नरेगा मजदूरों के साथ पातेपुर प्रखंड के मनरेगा कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए है। लेकिन कोई भी मांगे पूरा नहीं किया गया है।**

**इसलिए यह ज्ञापन आपको सौंप रहे है।ताकि हमारी मांग शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।**

**अगर ये सभी मांगे पूरा नहीं किया जाता है तो सैकड़ों नरेगा मजदूरों व कार्यकर्ताओं के साथ गांधी जी के मार्ग अपनाते हुए आपके कार्यालय के समक्ष दिनांक- 20 दिसंबर 2023 से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठ जायेंगे। जिसका जवाबदेही संबंधित अधिकारी व मनरेगा कर्मियों की होगी।**

**इस अनिश्चितकालीन सत्याग्रह में लाउडस्पीकर के साथ झंडा,बैनर का उपयोग किया जायेगा।**